एक नजर में

दिलीप विश्वकर्मा अध्यक्ष एवं रवि सिसोदिया उपाध्यक्ष नियुक्त

सारंगपुर 01 अगस्त, सं. नगर की धार्मिक संस्था जनशक्ति युवा मंच परिवार के द्वारा संस्था के संस्थापक अक्षय सक्सेना के निवास पर मंगलवार को वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लेकर दिलीप विश्वकर्मा को आगामी वर्ष 2026-27 की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, रचनात्मक गतिविधियों के संचालन के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया, साथ ही रवि सिसोदिया को उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया. बैठक में प्रमुख रूप से संस्था के संस्थापक अक्षय सक्सेना , राजमल राठौर, गौरव सक्सेना, संजय विजयवर्गीय , अमित सक्सेना, कुलदीप राठौर, पवन लाला, लक्की सोनी, शोभराज पारिक, छोटू राठौर,ओम विश्वकर्मा, राधेश्याम वर्मा,मोहन सोनी, धनराज सोनी, संदीप सोनी, अंकुर सोनी, हनी हर्षित कपूर, सुरजीत जाट, हिमांशु बना पवार, शुभांश बबलू ठाकुर,अभिषेक नाना सोनी,सुरेश शेरा पुष्पद,मनोज नाना राठौर, गौरव राठौर,अनुज पुष्पद, अर्जुन प्रजापति, सुभाष सोनी, आकाश दांगी ,माधव प्रवीण सोनी,प्रकाश वर्मा , गौरव सोलंकी, अजय सोलंकी,विजय सोलंकी, प्रतिक सोनी, विष्णु पुष्पद, गोलू पुष्पद, राजेश विश्वकर्मा, हर्ष भय्यू सोनी,अमित पुष्पद, सुरेश विश्वकर्मा,सोनू राठौर, त्रिलोक गुप्ता, आकाश सूर्यवंशी, दीपक शर्मा (श्रीस्पोर्ट्स), शरद गोलू सूर्यवंशी, राम भाई पाटीदार आदि सदस्य उपस्थित रहे. पूर्व अध्यक्ष शुभम सोनी द्वारा नवनिर्वाचित दिलीप विश्वकर्मा को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी और आभार व्यक्त किया . उक्त जानकारी संस्था के प्रवक्ता शोभराज पारीक द्वारा दी गई .

आवश्यकता है

आनंद वेयर हाउस ग्राम कचनारिया एबी रोड़ ब्यावरा A.C. Agrawal (H.P) पेट्रोल पम्प के पास ब्यावरा में ग्राडन की देखरेख के लिए एक माली की आवश्यकता है.

मो. 9425037590

बिल 05 अगस्त 2026

पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र को सुविधाओं की दरकार

सरकार, कंपनियों के सहयोग की लंबे समय से आस लगाएं बैठे हैं मजदूर वर्ग, 40 सालों बाद भी जरूरतों से वंचित

शाहिद पठान

पीलूखेड़ी 01 अगस्त,सं. वर्ष 1987 में विकसित हुए औद्योगिक क्षेत्र का बाहरी आवरण बड़ा भव्य नजर आता है. वास्तविकता यह है कि इतने वर्षो बाद भी इस औद्योगिक क्षेत्र को अनेकों सुविधाओं की दरकार है. जिसमें पानी, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिये यहां रहने वाले मजदूर अथवा ग्रामीण क्षेत्र के निवासी आज भी सरकार और कंपनियों से आस लगाए बैठे है.

उल्लेखनीय है कि पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र बनने के बाद इस क्षेत्र का विकास तो हुआ लेकिन मूलभूत समस्याओं से निजात अभी तक नहीं मिली है. पार्वती नदी पर डेम के विधिवत भराने के बाद उम्मींद की जा रही है कि पेयजल संकट से निजात मिलेगी. दूसरी

बड़ी समस्या स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी की है. यहां रहने वाले ग्रामीणजन हो अथवा फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर, कर्मचारी हो सभी को आपात चिकित्सा सुविधा के लिये भोपाल ही भगना पड़ता है. इस मामले में यहां के रहवासियों अथवा कामकाजी लोगो को सरकार, स्थानीय प्रशासन और यहां अपने उद्योगो को संचालित करने वाली कंपनी से आस है कि वे इस समस्या के प्रति अपनी गंभीरता बरते. जिससे सभी को स्थानीय स्तर पर उचित चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त हो सके. विंध्याचल डिस्टलरीज द्वारा हॉस्पिटल बनाकर प्रशासन को सुपुर्द किया था लेकिन चिकित्सा स्टॉफ के अभाव में इसे आज तक शुरू नहीं किया जा सका है.

फैक्ट्री के पंजीयन 80 लेकिन दारोमदार 6 युनिट पर

पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कहने को 80 फैक्ट्री पंजीकृत है लेकिन पूरा दारोमदार 6 यूनिट पर है. 80 में से 40 फैक्ट्री ही विधिवत संचालित है और इनमें से भी 6 यूनिट ही सबसे अधिक उत्पादन करती है. इनमें ओसवाल, डेनिम, कोका-कोला, लैप इंडिया, भोपाल जिलेटिनए,विंध्याचल डिस्टलरीज शामिल है. यहां कार्यरत सभी 40 कंपनियां में करीब 5000 के करीब वर्कर काम करते है.

हिंदी स्पिनर के बंद होने से कई वर्कारों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ा है. पीलूखेड़ी में अभी भी आधी जमीन खाली पड़ी हुई है. इन पर उद्योग लगाए जा सकते है. किसानों से उद्योगों के नाम पर जमीन ली गई थी लेकिन आज 40 साल बाद भी आधी जमीन पर न खेती हो पा रही है और न उद्योग की फसल लगी है.

बस स्टॉप खुले आकाश में बिजली की भी समस्या

यहां काम करने आने और जाने वाले वर्करों को कई समस्याओं से गुजरना पड़ता है . बस स्टॉप खुले आकाश तले है . हर मौसम में वर्करों का सड़क पर खड़े रहना मुश्किल भरा है .बस स्टॉप पर पर्याप्त छाया के साथ ही बैठने के लिए कोई सुविधा नहीं है . जब तक बस नहीं आ जाती तब तक खड़े रहना पड़ता है . औद्योगिक क्षेत्र के रास्तों पर हमेशा अंधेरा रहता है . जब औद्योगिक क्षेत्र बनाया गया था तब हर रास्तों पर स्टेट लाइट लगाई गई थी अब एक भी लाइट नहीं है . औद्योगिक क्षेत्र में कोई सर्वजनिक शौचालय या पानी पीने की कोई टंकी की सुविधा नहीं है . औद्योगिक क्षेत्र में गाड़ियों के लिए कोई पार्किंग एरिया नहीं बनाया गया है . गाड़ियां हमेशा सड़कों पर ही खड़ी रहती है . औद्योगिक क्षेत्र में कोई भी कचरे के लिए इंतजाम नहीं किया गया कि कंपनियों से निकलने वाला कचरा एक जगह एकत्रित किया जाए .

एंटी रैगिंग जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

राजगढ़ 01 अगस्त, का. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरे के निर्देशानुसार एंटी रैगिंग समिति द्वारा विद्यार्थियों के मध्य संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर को रैगिंग मुक्त, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण बनाना तथा विद्यार्थियों में जागरूकता विकसित करना था. कार्यक्रम में प्रो. प्रकाश अहिरवार ने विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग की शपथ दिलाई तथा रैगिंग से संबंधित कानूनी प्रावधानों, दुष्परिणामों एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी. इसके पश्चात आयोजित संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने रैगिंग की परिभाषा, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, एंटी रैगिंग समिति की भूमिका, गोपनीयता, नवप्रवेशित विद्यार्थियों की सुरक्षा तथा दोषी पाए जाने पर होने वाली अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्रवाई से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे. समिति के सदस्यों ने सभी प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर देते हुए विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा उन्हें निर्भय होकर किसी भी प्रकार की शिकायत महाविद्यालय प्रशासन तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया. एंटी रैगिंग समिति की संयोजक प्रो. सीमा सिंह ने विद्यार्थियों से आपसी सम्मान, सहयोग एवं भाईचारे की भावना बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि महाविद्यालय में किसी भी प्रकार की रैगिंग के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई गई है. इस अवसर पर एंटी रैगिंग समिति के सदस्य, महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में नव प्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे.

डेयरी एवं वर्मी कंपोस्ट को लेकर प्रशिक्षण

राजगढ़ 01 अगस्त, का. बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान राजगढ़ में आयोजित 12 दिवसीय डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कंपोस्ट मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता संजय शेखर शर्मा उपस्थित रहे. श्री शर्मा ने राजगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रशिक्षणार्थियों को रेड क्रॉस सोसाइटी के सामाजिक कार्यों, पर्यावरण संरक्षण एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी

'हर घर तिरंगा' अभियान टीम में राज्यमंत्री टेटवाल सह-संयोजक

प्रदेश स्तरीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे, कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 01 अगस्त, सं. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा आगामी हर घर तिरंगा अभियान (9 से 15 अगस्त) के सफल संचालन के लिए प्रदेश स्तरीय टीम का गठन किया गया है. इस टीम में मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री तथा सारंगपुर

विधायक डॉ. गौतम टेटवाल को सह-संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है. डॉ. टेटवाल की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है. कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह दायित्व डॉ. टेटवाल के नेतृत्व, संगठन क्षमता एवं राष्ट्रसेवा के प्रति उनके समर्पण का सम्मान है.

उनके कुशल मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान प्रदेशभर में व्यापक जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संचालित होगा. इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, सांसद रोडमल नागर, वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, गिरवर भंडारी, शेखर शर्मा, विनोद पाटीदार, विकास दीक्षित, पंकज पालीवाल, विकास करोड़िया,नीलेश वर्मा, कमल राठौर, एल्डरमैन दिनेश शर्मा, सुधीर श्रीमाल,राधेश्याम माहेश्वरी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. टेटवाल को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अभियान की सफलता की कामना की.

आवारा मवेशियों ने बढ़ाई परेशानी, बाजारों में संकट

नवभारत न्यूज

जीरापुर 01 अगस्त, सं. नगर में लावारिस गोवंश और बेकाबू सांडों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है. ये सांड सड़कों, गलियों और बाजारों में झुंड में घूमते रहते हैं और आपस में भिड़कर आमजन के लिए खतरा बन रहे हैं. मंगलवार को माचलपुर नाके पर दो सांडों की बीच सड़क पर भिड़ंत हो गई. लड़ाई की चपेट में आकर एक राहगीर घायल हो गया. वहीं शुक्रवार को किशनगढ़ मोहल्ले में एक बेकाबू सांड ने एक महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया. कुछ दिन पूर्व एक स्कूली छात्रा भी सांड के हमले में घायल हुई थी. बस स्टैंड, गांधी बस्ती , आवास रोड सहित पूरे नगर में सांडों की बेकाबू लड़ाई में कई बार राहगीरों को चपेट में लिया जा चुका है. लगातार हो रही इन घटनाओं से नगरवासियों में भारी आक्रोश है. इस गंभीर समस्या को लेकर समाचार पत्रों में कई बार खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं. जिला कलेक्टर द्वारा भी लावारिस गोवंश को गौशाला में रखने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन जमीन पर उसका कोई असर नहीं दिख रहा है. नगर परिषद द्वारा भी इस समस्या का कोई स्थाई हल नहीं निकाला गया है. न तो अब तक सांडों को पकड़कर गौशाला भेजा गया है और न ही उनके लिए कोई सुरक्षित जगह बनाई गई है. नगरवासियों ने मांग की है कि प्रशासन तुरंत सांडों को पकड़वाकर गौशाला या अन्यत्र भेजे, अन्यथा किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है.

शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे राज्य मंत्री

सारंगपुर 01 अगस्त, सं. राज्यमंत्री एवं डॉ गौतम टेटवाल शनिवार ने ग्राम लीमाचौहान में भाजपा कार्यकर्ता प्रेमनारायण चौधरी के देवलोकगमन पर श्रद्धांजलि अर्पित की. साथ ही शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त कीं. इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर , निर्मल जैन , जगदीश नागर, लोकेन्द्र गुर्जर सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे.

नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 01 अगस्त, का. ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र से नीट-2026 क्वालीफाई करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने सम्मान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी नीट की तैयारी,

सफलता के अनुभव, आगे की पढ़ाई, चिकित्सा के क्षेत्र में रुचि और भविष्य के लक्ष्यों के बारे में चर्चा की.

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज की सफलता उनके परिश्रम का परिणाम है, लेकिन यह मंजिल नहीं बल्कि एक नए दायित्व की शुरुआत है. राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 लाया गया है. यह विधेयक सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और संगठित अनियमितताओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कड़े दंड, समयबद्ध जांच तथा विशेष फास्ट-ट्रैक न्यायालयों जैसी व्यवस्थाओं को मजबूत करने का प्रस्ताव करता है.

वॉलीबाल में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 01 अगस्त, सं. मास्टर माइंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, में आयोजित सीबीएसई वेस्ट ज़ोन योग प्रतियोगिता 2026 एवं सीबीएसई क्लस्टर-12 वॉलीबॉल (बालक) प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया.

योग प्रतियोगिता में महावीर पब्लिक स्कूल, प्रतापगढ़ (राजस्थान) एवं लिटिल एंजेल्स हाई स्कूल, ग्वालियर के प्रतिभागियों का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा. वहीं वॉलीबॉल के अंडर-14 वर्ग में होली फैमिली कॉन्वेंट स्कूल, सागर ने एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर को, शांति पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, गुना ने श्री संदीपनी इंटरनेशनल स्कूल को, विद्याकुंज स्कूल, शाजापुर ने मेडीकैप्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर को तथा लायंस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल ने एनी बेसेंट स्कूल को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया. आयोजन समिति के अनुसार दोनों प्रतियोगिताएँ सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं तथा आगामी दिनों में और भी रोमांचक मुकाबलों एवं उत्कृष्ट योग प्रदर्शनों की उम्मीद है.

Panjab National Bank

Branch-Biaora (053600), Email-bo0536@pnb.bank.in

सार्वजनिक सूचना

हमारे बैंक की वेबसाईट WWW.pnb.bank.in पर दी गई सूची के अनुसार नीचे बता गये ग्राहकों को आवंटित किए गए लाकर्स के मामले में लाकर एग्रीमेंट की शर्तों और नियमों का पालन नहीं किया गया है और उनका लाकर किराया 3 साल से ज्यादा समय से बकाया है. ऐसी स्थिति में हमे लाकर को खोलने के लिए मजबूर होना पड रहा है. इसलिए आम जनता को सूचित किया जाता है. कि संबंधित व्यक्ति वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए 01.09.2026 को या उससे पहले बैंक समय के दौरान ब्रांच से संपर्क करें. ऐसा न करने पर हमे 02.09.2026 को या उसके बाद लाकर को खोलने के लिए मजबूर होना पडेगा और लाकर में रखे सामान को बिना किसी और सूचना के सार्वजनिक नीलामी में बेच दिया जायेगा. नीलामी से मिलने वाली रकम से इसमें हुए खर्च, किराए का बकाया और अन्य लागते वसूल की जावेगी.

1. लाकर क्रं. AA00151 लाकर धारक राजेन्द्र कुमार अग्रवाल आ. श्री पुरषोत्तम अग्रवाल शाखा ब्यावरा,

2. लाकर क्रं. AA00134 लाकर धारक रमाकांत मिश्रा आ. शिव कुमार शाखा ब्यावरा,

3. लाकर क्रं. AA00097 लाकर धारक शिखर चंद डागा शाखा ब्यावरा,

4. लाकर क्रं. AA00025 लाकर धारक नाथूलाल शर्मा एवं श्रीमती सीताबाई शर्मा शाखा ब्यावरा,

5. लाकर क्रं. AA00009 लाकर धारक माधव दास गुप्ता शाखा ब्यावरा

दिनांक 24/07/2026

स्थान ब्यावरा

अधिकृत अधिकारी
पंजाब नेशनल बैंक

नगर परिषद कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

नवभारत न्यूज

छापीहेड़ा 01 अगस्त, सं. नगर परिषद छापीहेड़ा में संलग्न विनियमित सफाई कर्मचारी पप्पूलाल भैरवे के अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने के अवसर पर नगर परिषद परिवार द्वारा भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने श्री भैरवे की वर्षों तक नगर की स्वच्छता व्यवस्था में निभाई गई समर्पित, ईमानदार एवं अनुकरणीय सेवाओं की सराहना करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख किया. वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और सेवा भावना के साथ कार्य कर नगर परिषद की गरिमा को बढ़ाया तथा स्वच्छ एवं सुंदर छापीहेड़ा के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण विशालिया, पार्षद घनश्याम पाटीदार, शकील खान, पार्षद प्रतिनिधि नीरज सेठिया, भाजपा मंडल महामंत्री राधेश्याम बंटी भामी, नगर परिषद कर्मचारी राम नागर, बादल नरगावे, पंकज कुमार शर्मा, निरीराज शर्मा सहित नगर परिषद के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे.समारोह के अंत में पप्पूलाल भैरव का साफा वंदन कर पुष्पमाला एवं पहनाकरकर सम्मान किया गया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई.

सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों का विदाई समारोह

पचोर 01 अगस्त, सं. नगर परिषद परिषद के जल प्रदाय शाखा से गिरीश सक्सेना एवं स्वच्छता शाखा से श्रीमती बेबी बाई गिरजे बाई का सेवा निवृत होने पर नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद विकास दीक्षित, नगर परिषद उपाध्यक्ष राम भरोसा यादव, उपाध्यक्ष दामोदर सिंह लहरी ,पार्षद प्रतिनिधि भगवान सिंह गुर्जर पार्षद प्रतिनिधि एल्डरमैन पुरुषोत्तम वैष्णव ,संजय तिवारी एल्डरमैन दिलीप कुशवाहा पार्षद हेमराज गुर्जर सहित नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे. सेवानिवृत्त सेवानिवृत्त कर्मचारी श्रीमती बेबी गिरजे एवं श्री गिरीश सक्सेना के कार्यों की प्रशंसा करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया एवं मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित ने कर्मचारियों से ईमानदारी कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने की बात कही उन्होंने कहा कि दोनों कर्मचारियों ने समय अपने कर्तव्य का निष्ठा के साथ निर्वाह किया. .नगर परिषद अधिकारी दीपक रानवे अपने सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया.

अनदेखी तेज वाहनों से लगातार हादसों का खतरा, नहीं बनाए रहवासी हिस्सों में स्पीड ब्रेकर

गांवों के बीच से निकला बिना स्पीड ब्रेकर का हाईवे

मऊ-तलेन चौड़ी सड़क पर स्पीड ब्रेकर गायब स्कूलों के सामने मंडरा रहा खतरा

नवभारत न्यूज

पडाना 01 अगस्त, सं. केंद्रीय सड़क निधि से बने मऊ से तलेन तक के चौड़े मार्ग पर लाखों रुपये खर्च कर डामर तो बिछ गया, लेकिन ग्रामीणों की जान की सुरक्षा ठेकेदार कंपनी भूल गई. गांवों के बीच से गुजरने वाली इस सड़क पर एक भी स्पीड ब्रेकर नहीं बनाया गया है. नतीजा यह है कि इंदौर, उज्जैन, भोपाल, शाजापुर, शुजालपुर, सारंगपुर और आसपास के क्षेत्रों को जोड़ने

वाले इस हाईवे पर दर्जनों बसें और सैकड़ों दोपहिया-चारपहिया वाहन दिनभर रफ्तार के साथ दौड़ रहे हैं. मऊ, पडाना, आशारेटा, करौंदीजोड, बुडनपुर और टीकोद जैसे गांव सीधे इसी सड़क से सटे हुए हैं. इन गांवों में शासकीय और निजी स्कूल सड़क किनारे ही हैं. हर दिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं इसी मार्ग से आते-जाते हैं, लेकिन स्कूल के आगे न तो स्पीड ब्रेकर है, न कोई चेतावनी संकेतक. ग्रामीणों का कहना है कि तेज रफ्तार के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है.

स्थानीय लोगों राजपाल राजपूत, गिरिराज सेन, श्याम सिंह सिसोदिया, संतोष राजपूत, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सोनू मंसूरी, डॉ. राहुल शर्मा, शब्बीर अंसारी, दिनेश विश्वकर्मा, हरिप्रसाद विश्वकर्मा, राजेश यादव, अखिलेश परमार, राधेश्याम पुष्पद, अजय महेश्वरी, ओम गुप्ता, सतीश चौरसिया, अशोक गुप्ता, सुनील गुप्ता ,ओम शास्त्री ,कैलाश सेन, यूनुस मंसूरी, राजेश राठौर, सेराज भाई ,रोशन गुप्ता, इमरान मंसूरी, शरीफ मंसूरी, कैलाश बैरागी ,संदीप गुर्जर, जगदीश विश्वकर्मा, महेश जाटव, रोशन परमार, महेश पुरी गोस्वामी, राहुल परमार, गड्डू कुंभकार और अन्य ग्रामीणों ने ठेकेदार कंपनी पर सीधा आरोप लगाया है. उनका कहना है कि कंपनी ने गांव के अंदर और स्कूलों के आसपास सुरक्षा के लिहाज से एक भी ब्रेकर नहीं बनाया. ग्रामीणों ने बताया कि लोग इतनी तेज गति से गाड़ी चलाते हैं कि आने वाले समय में दुर्घटनाएं तय हैं. प्रशासन अब भी आंखें मूंदे बैठा है.

शुक्रवार को पडाना में टेंपो स्टैंड के पास कन्या शाला के सामने अंधे मोड़ पर एक बाइक तेज गति से निकली. वहां खड़े ग्रामीण महीन सक्सेना बाल-बाल बचे. उन्होंने कहा कि स्कूल से आने-जाने वाले बच्चे इस मोड़ पर सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं. एक पल की चूक और कोई बड़ा हादसा हो सकता है.

ग्रामीणों ने प्रशासन और सड़क निर्माण एजेंसी से मांग की है कि अविलंब सभी गांवों और स्कूलों के सामने वैज्ञानिक तरीके से स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं,सड़क तो चौड़ी हो गई, लेकिन अगर जान ही सुरक्षित नहीं रही तो विकास का क्या फायदा.